Calgary Livery Transport Services

**बुलेटिन #015**
लिवेरी रेगुलेटरी फ्रेमवर्क ऑप्शन्स
काउंसिल अपडेट

7 अगस्त, 2020

28 जुलाई 2020 को, सिटी काउंसिल के समक्ष लिवेरी रेगुलेटरी फ्रेमवर्क ऑप्शन्स रिपोर्ट पेश की गई।

काउंसिल ने निम्नलिखित सिफ़ारिशों/संशोधनों को मंजूरी दी:

Council Meeting Minutes Section 7.4

a) लिवेरी फ्लीट साइज के लिए मौजूदा मिलेजुले खुले /बंद प्रवेश पहुंच को जारी रखना;
b) ऐसे टैक्सी प्लेटों को जारी करने के लिए प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित बनाने के अवसरों की तलाश करना जो एडमिनिस्ट्रेशन की लागत और काउंसिल के दखल को कम करते हैं;
c) टैक्सी कंपनियों को इस बात की अनुमति देना कि वे सड़कों पर पुकारने वाले और प्रेषण करने वाले सभी ग्राहकों को टैक्सी मीटर दर की बजाय अपफ्रंट प्राइसिंग का विकल्प दे सकें;
d) एकीकृत टैक्सी/लिमोजिन ड्राइवर लाइसेंस बनाना और ट्रांसपोर्ट नेटवर्क कंपनी (TNC) ड्राइवर के लिए एक अलग लाइसेंस को बनाए रखना;
e) चीफ़ लिवेरी इंस्पेक्टर द्वारा अनुमोदित अपवादों के अधीन सभी वाहनों के लिए आयु सीमा को अधिकतम 10 वर्ष के लिए मानकीकृत करना और लिवेरी इंडस्ट्री के सभी वाहनों के लिए निरीक्षण के समय अंतराल को 12 माह के लिए मानकीकृत करना;
f) सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करते हुए टैक्सियों के लिए वाहन की मार्किंग आवश्यकताओं में और अधिक लचीलापन बहाल करना और TNC वाहनों के लिए जरूरी करना कि वे पीछे की विंडशील्ड पर कंपनी का संकेतक लगाएं जो साफ दिखाई दे या फिर सामने की विंडशील्ड पर संकेतक को भली-भाँति उकेरें;
g) कैमरायुक्त किसी भी लिवेरी वाहन के लिए जरूरी करना कि वे ग्राहकों को साफ दिखायी देने वाली सूचना दर्ज करें कि कैमरा फुटेज रिकॉर्ड की जा रही है; तथा
h) टैक्सी ब्रोकरेज के साथ संबद्ध टैक्सी प्लेट-धारकों के लिए स्टैंड के किराए को विनियमित करने की संभावना का पता लगाना।

निम्नलिखित मोशन अराइज़िंग को अपनाया गया:
यह कि काउंसिल, एडमिनिस्ट्रेशन को निर्देशित करती है कि:

1. प्रणालीगत नस्लवाद की पहचान और नस्लवाद-विरोधी पहलों की प्रगति को लिवेरी ट्रांसपोर्ट बाईलॉ की समीक्षा में शामिल करें और उसे अद्यतन बनाएं, जिनमें शामिल हैं किंतु केवल इन्हीं तक सीमित नहीं :
   a. इंडस्ट्री की संबद्धता (एन्गेजमेन्ट)
   b. ड्राइवर की ट्रेनिंग,
   c. संबद्ध सिटी लाइसेंसिंग और प्रवर्तन के तौर-तरीके, और
   d. कम्युनिकेशन और जागरूकता संबंधी पहलें; तथा
2. कॉर्पोरेट-व्यापी कार्यकलापों के साथ तालमेल बनाते हुए नस्लवाद-विरोध पर चर्चा और उसे संबोधित करने के लिए दृष्टिकोण सुनिश्चित करें ताकि नस्लवाद-विरोध पर प्रगति की जा सके।

फेस कवरिंग बाईलॉ 28M2020 के संबंध में, निम्नलिखित मोशन अराइज़िंग को अपनाया गया: Council Meeting Minutes Section 13.2

लिवेरी ट्रांसपोर्ट बाईलॉ 6M2007 में सब सेक्शन 86 (b) के बाद 86 (b) (i.1) जोड़कर इसे संशोधित किया गया है। ट्रांसपोर्ट नेटवर्क ड्राइवर को छोड़ कर कोई भी ड्राइवर

(b) किसी ऐसे यात्री को मना करने का हक़दार है यदि वह व्यक्ति:

*जोड़ा गया:*

"(b.1) फेस कवरिंग नहीं पहने हुए है, जैसा कि इस शब्द को अस्थायी कोविड-19 फेस कवरिंग बाईलॉ 26M2020 में परिभाषित किया गया है, केवल उन लोगों को छोड़ कर जिन्हें उस बाईलॉ की धारा 4 के अनुसार फेस कवरिंग पहनने से छूट प्राप्त है;"

**आगामी चरण:**

- एडमिनिस्ट्रेशन Q4 2020 में लिवेरी ट्रांसपोर्ट बाईलॉ के प्रस्तावित संशोधनों पर इंडस्ट्री को संबद्ध करेगा।

पूरी रिपोर्ट यहां उपलब्ध है: Livery Regulatory Framework Options, CPS2020-0708.

काउंसिल की मीटिंग की पूरी मिनिट्स यहाँ पायी जा सकता है: July 27, 2020 Combined Meeting of Council Minutes

यह बुलेटिन अम्हारिक, हिंदी, पंजाबी और उर्दू में उपलब्ध है। अनुदित बुलेटिन यहां देखे जा सकते हैं: Taxi and limousine bulletins

यदि आपके कोई अतिरिक्त प्रश्न हैं तो कृपया ltsengagement@calgary.ca पर ईमेल करें।

लिवेरी ट्रांसपोर्ट बाईलॉ रिव्यू में आपकी भागीदारी और इनपुट के लिए धन्यवाद।

भवदीय,



कॉरी पोर्टर
कार्यकारी चीफ़ लिवेरी इंस्पेक्टर
कैलगरी कम्युनिटी स्टैण्डर्ड्स